शुभ दीपावली

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

SYNERGY

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

नवंबर – 2015

बीएसईएस अतिरिक्त फीचर के साथ मोबाइल ऐप को अपग्रेड कर रही है

उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीएसईएस अपने मोबाइल ऐप को अपग्रेड कर रही है। अब बिजली गुल होने की शिकायत को रजिस्ट्र करने के अलावा आप निम्नवत चीजें भी कर सकते हैं–

- विभिन्न डोर स्टेप सेवा जैसे नये कनेक्शन, नाम बदलाव, लोड को बढ़ाना/घटाना, पते को ठीक करवाना और नये कनेक्शन के स्टेटस को जानना।
- माई एकाउंट्स का उपयोग कर बिलिंग डिटेल्स, करंट बिलों, आखिर के 5 बिलों को डाउनलोड (पेमेंट डिटेल के साथ) और मौजूदा बिल को पीडीएफ में डाउनलोड कर सकते हैं।

थर्ड पार्टी से भी करवा सकते हैं मीटर की जांच

अगर आप अपनी बिजली कंपनी द्वारा की गई मीटर की जांच के परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, तो किसी तीसरी स्वतंत्र पार्टी से अपने मीटर की जांच करा सकते हैं। दिल्ली सरकार के पब्लिक ग्रिवैंस सेल यानी पीजीसी ने सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टिट्यूट यानी सीपीआरआई के साथ, इस सिलसिले में एक समझौता किया है। यह भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है। इस संस्था से जांच करवाने के लिए शुल्क हैं: सिंगल फेज मीटर के लिए 200 रूपये और थ्री फेज मीटर के लिए 500 रूपये।

इच्छुक लोग निम्नलिखित पते पर पीजीसी से संपर्क कर सकते हैं:

पब्लिक ग्रिवैंस सेल, ऊर्जा विभाग, दिल्ली सरकार
33 केवी एसएलडीसी बिल्डिंग, सिविल सेंटर के निकट
मिंटो रोड – टैगोर रोड, नई दिल्ली – 110002

टेलीफोन नंबर: 1800 11 2222, 2323 0593, 2323 6596, 2323 4028
वेबसाइट: www.bijlipgr.gov.in

Follow us on Facebook:
www.facebook.com/bsesdelhi

अस्थायी कनेक्शन से जुड़े तथ्य

- अस्थायी कनेक्शन अल्पकालिक जरुरतों (शॉर्ट–टर्म) जैसे शादी विवाह, धार्मिक आयोजनों, छोटे एवं बड़े निर्माण कार्य, पुनर्निर्माण, प्रदर्शनी, और सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के लिए मुहैया करवाये जाते हैं।
- किसी घर में अगर कोई निवास कर रहा है और वहां पर पुनर्निर्माण होना है तो उसे अस्थायी कनेक्शन की जरुरत नहीं है लेकिन खाली स्थान पर निर्माण के लिए यह जरुरी है।
- उपरोक्त दिये हुए कार्यो के लिए रेग्युलर कनेक्शन के इस्तेमाल उच्यतर श्रेणी पर लगने वाली दर का दोगुणा जुर्माना बनता है। जिसमें डिटेक्शन की तिथि से एक साल पूर्व की अवधि को भी शामिल किया जायेगा।
- जो लोग अस्थायी कनेक्शन के लिए इच्छुक है वे दिये गये फॉरमैट के जरिए संबद्व डिवीजन के कस्टमर केयर सेंटर में एप्लाई कर सकते हैं।
- अगर अनुरोध किया गया कनेक्शन तकनीकी रुप से उपयुक्त पाया जाता है तो बीआरपीएल आवेदन पर तेजी के साथ कार्य करेगी और स्वीकारोक्ति एवसेप्तेंस (एस्प्टेंस) के दो दिनों के भीतर डिमांड नोट रिलीज करेगी लेकिन यह इस पर निर्भर करेगा कि उस चारदीवारी/जगह पर कोई बकाया नहीं है।
- 10 किलोवाट लोड तक किसी भी अस्थायी कनेक्शन को टेक्निकल आधार पर अस्वीकृत नहीं किया जा सकता।
- अस्थायी कनेक्शन के लिए आवेदक को खुद से सर्विस लाइन को बिछानी होगी। बीआरपीएल एनर्जी मीटर मुहैया करवायेगा।
- डिमांड नोट रिसीप्ट के दो दिनों के भीतर आवेदक को रकम का भुगतान करना होगा। उसके बाद बीआरपीएल आवेदक द्वारा अनुरोध की गाई तिथि पर कनेक्शन का विद्युतीकरन कर देगी।

बीएसईएस ने सैनिक फार्म्स के लिए आयोजित किया आपके द्वार कार्यक्रम

प्रत्येक महीने,बीआरपीएल आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करती है जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों की एम्पावर्ड टीम आरडब्लयुए और इलाके के नागरिकों के साथ संवाद करती है और उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण करके फर्स्ट हैंड फीडबैक लेती है। हाल ही में यह कार्यक्रम दक्षिण दिल्ली के सैनिक फार्म्स के नागरिकों के लिए आयोजित किया गया। इस सत्र के दौरान डिमांड सप्लाई और एनर्जी कंजरवेशन के बारे में भी विचार–विमर्श किया गया।

इस बिल पर पायें ₹50*

इस बिल का भुगतान Citrus Cube ऐप द्वारा करें और ₹50 का कैशबैक पायें*

Citrus Cube अभी डाउनलोड करें!

App Store
Google play

आप 09223374969 पर मिस्ड कॉल देकर डाउनलोड लिंक SMS के द्वारा भी पा सकते हैं।